राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी
National Testing Agency
Excellence in Assessment

सत्यमेव जयते

(उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन)
(An Autonomous Organization under the Department of Higher Education, Ministry of Education, Government of India)

# सार्वजनिक सूचना

**02 अप्रैल 2026 / 12 चैत्र 1947**

**विषय: नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान के डिप्लोमा इन स्पोर्ट्स कोचिंग (2026–27) हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन – संबंधी।**

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान द्वारा शैक्षणिक सत्र **2026–27** के लिए **64**वें बैच में प्रवेश हेतु खेल प्रशिक्षण (कोचिंग) में डिप्लोमा **(2026–27)** की प्रवेश परीक्षा आयोजित करने का दायित्व सौंपा गया है।

इस संबंध में सूचित किया जाता है कि **NSNIS** द्वारा विवरणिका/प्रवेश अधिसूचना जारी कर दी गई है तथा पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अभ्यर्थी निर्धारित पोर्टल **https://www.dipsc.nsnis.in/** के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। अधिसूचित कार्यक्रमानुसार संभावित तिथियां निम्नवत् हैं:

**खेल प्रशिक्षण (कोचिंग) में डिप्लोमा (2026–27) हेतु प्रवेश परीक्षा की महत्वपूर्ण तिथियां:**

| गतिविधि | संभावित तिथि |
|---|---|
| ऑनलाइन पंजीकरण एवं आवेदन पत्र प्रस्तुत करना | **27** मार्च **2026** (दोपहर **03:00** बजे से) से **23** अप्रैल **2026** (रात्रि **11:59** बजे तक) |
| आवेदन पत्र में संशोधन (केवल ऑनलाइन) | **24 अप्रैल 2026 से 25 अप्रैल 2026** |
| प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) डाउनलोड | वेबसाइट पर पृथक से सूचित किया जाएगा |
| परीक्षा का माध्यम | कंप्यूटर आधारित परीक्षा **(CBT)** |
| परीक्षा की तिथि | **31** मई **2026** (रविवार) |
| परीक्षा केंद्र, तिथि एवं पाली | प्रवेश पत्र के अनुसार |
| अभिलेखित प्रतिक्रियाओं एवं उत्तर कुंजी का प्रदर्शन | **NTA** वेबसाइट पर पृथक से सूचित किया जाएगा |
| परिणाम की घोषणा | पृथक से सूचित किया जाएगा |

अभ्यर्थियों को केवल **NSNIS** पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है तथा पात्रता, आरक्षण, खेल विषयों एवं प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु विवरणिका का सावधानीपूर्वक अध्ययन करना अपेक्षित है।

प्रवेश परीक्षा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा **31** मई **2026** (रविवार) को कंप्यूटर आधारित परीक्षा **(CBT)** के रूप में आयोजित की जाएगी। परीक्षा में बहुविकल्पीय प्रश्न **(MCQs)** होंगे, जिनकी कुल संख्या **40** होगी तथा उन्हें **1** घंटे में हल करना होगा। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का होगा तथा कोई ऋणात्मक अंकन नहीं होगा। प्रश्नपत्र द्विभाषी (हिंदी एवं अंग्रेजी) होगा सिवाय भाषा वाले भाग के।

**परीक्षा योजना:**

| क्र. सं. | घटक | प्रश्नों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | विशिष्ट खेल सिद्धांत | 20 |
| 2 | सामान्य ज्ञान | 05 |
| 3 | तार्किक क्षमता एवं कोचिंग अभिरुचि | 05 |
| 4 | भाषा एवं संप्रेषण | 05 |
| 5 | मूलभूत संगणक ज्ञान | 05 |
| कुल | | 40 |

विशिष्ट खेल सिद्धांत परीक्षा अभ्यर्थी द्वारा चयनित खेल विषय पर आधारित होगी। खेल विषयों में **आर्चरी, एथलेटिक्स बैडमिंटन, बास्केटबॉल, मुक्केबाजी, कैनोइंग एवं कायाकिंग, साइक्लिंग, फेंसिंग, फुटबॉल, जिम्नास्टिक्स, हैंडबॉल हॉकी, जूडो, कबड्डी, खो-खो, रोइंग, शूटिंग, तैराकी, टेबल टेनिस, ताइक्वांडो, टेनिस, वॉलीबॉल, भारोत्तोलन कुश्ती, वुशु एवं योगासन** सम्मिलित हैं।

**ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा का पाठ्यक्रम:**

| अनुभाग | पाठ्यक्रम |
|---|---|
| विशिष्ट खेल सिद्धांत | मूल शब्दावली, संक्षिप्त रूप, तकनीकी नियम, खेल मैदान/कोर्ट/एरीना/उपकरण की विशिष्टताएं तथा प्रतियोगिता प्रारूप |
| सामान्य ज्ञान | समसामयिक घटनाएं, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खेल जागरूकता, पुरस्कार, ग्रामीण खेल एवं खेल प्रोत्साहन योजनाएं |
| तार्किक क्षमता एवं कोचिंग अभिरुचि | संख्यात्मक, संबंधात्मक, क्रमिक एवं आरेखात्मक तर्क, समस्या समाधान तथा विश्लेषणात्मक क्षमता |
| भाषा एवं संप्रेषण | व्याकरण, गद्यांश, पर्यायवाची एवं विलोम (मैट्रिक स्तर, अंग्रेजी) |
| मूलभूत संगणक ज्ञान | एमएस ऑफिस, एक्सेल तथा संगणक एवं इंटरनेट की शब्दावली |

परीक्षा भारत के विभिन्न नगरों जैसे **अहमदाबाद, अंबाला, बेंगलुरु, भोपाल, चंडीगढ़, चेन्नई, कोयंबटूर, फरीदाबाद, गुरुग्राम, गुवाहाटी, हैदराबाद, इम्फाल, जयपुर, जम्मू, जोधपुर, कोच्चि, कोलकाता, कोझिकोड, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, नई दिल्ली, नोएडा, पटना, पुणे, रायपुर, तिरुवनंतपुरम, वाराणसी एवं विशाखापट्टनम** सहित **नेपाल एवं श्रीलंका** के अंतरराष्ट्रीय केंद्रों पर भी आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थी आवेदन करते समय परीक्षा नगर का चयन कर सकते हैं, तथापि प्रशासनिक कारणों से **NSNIS** किसी अन्य केंद्र/नगर का आवंटन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

परीक्षा के उपरांत **NTA** अपनी वेबसाइट पर प्रारंभिक उत्तर कुंजी एवं अभ्यर्थियों की अभिलेखित प्रतिक्रियाएं प्रदर्शित करेगा तथा अभ्यर्थियों को निर्धारित समयावधि में प्रति प्रश्न **₹200/-** (अपरिवर्तनीय) शुल्क जमा कर आपत्ति दर्ज कराने का अवसर प्रदान किया जाएगा। अंतिम उत्तर कुंजी के आधार पर परिणाम तैयार कर **NSNIS** को अग्रेषित किया जाएगा। पुनर्मूल्यांकन अथवा पुनः जाँच हेतु किसी भी प्रकार का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।

अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे नवीनतम जानकारी हेतु **NTA** एवं **NSNIS** की वेबसाइटों का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें। किसी भी प्रकार की जानकारी/स्पष्टीकरण हेतु अभ्यर्थी **SAI NSNIS** अकादमिक प्रभाग के दूरभाष संख्या **0175-2394351** (प्रातः **09:30** बजे से सायं **06:00** बजे तक) अथवा अणु-डाक **nsnisacademics@gmail.com** पर भी संपर्क कर सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु **https://www.dipsc.nsnis.in/** तथा **www.nsnis.org** पर अवलोकन करें।

**निदेशक, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी**